# Table of Contents

(अपने सवाल / प्रश्न यहाँ देखें - फिर लिंक पर क्लिक करें)


A. सामान्य जानकारी

- *हमारे शरीर द्वारा पानी का उपयोग कैसे होता है?*
- *Sharp Water Purifier WJ-400 का शुरूआती प्रस्तुतीकरण / परिचय*

B. TDS का वर्णन / मतलब

- *TDS क्या होता है?*
- *कौन से उपकरण TDS को माप सकते हैं? उनकी कीमत कितनी होती है? क्या वो भरोसेमंद और सही होते हैं?*
- *हम अपने पानी की सप्लाई में TDS के तत्वों को कैसे निर्धारित कर सकते हैं?*
- *पीने के लिए पानी का कितना TDS उपयुक्त होता है?*
- *फ़िल्टर किए गए उपयोगी minerals (मिनरल्स) को वापस लाने के लिए क्या किया जा सकता है?*
- *पीने के पानी के क्या-क्या स्रोत हैं? स्रोत वाले पानी में पायी जाने वाली अशुद्धियाँ कौन सी होती हैं?*
- *क्या 50mg/L से कम TDS वाला पानी पीने के लिए उपयुक्त होता है?*
- *50mg/L से कम वाले TDS में पर्याप्त मिनरल्स नहीं होंगे, क्या ये पीने के योग्य होता है?*
- *किया हम 50mg/L से कम TDS वाला पानी पी सकते हैं?*
- *Vestige Sharp Water Purifier पानी के कितने TDS के लिए उपयुक्त है?*
- *अधिक TDS की स्थिति में क्या सलाह दी जाती है?*

C. फ़िल्टर के प्रकार, आयु/ अवधि और ये कैसे बेहतर है

- *PP Filter (Polypropylene Filter) (पोलीप्रोपलीन फ़िल्टर) - इसकी बतायी गयी आयु / अवधि से पहले ही बंद / ब्लॉक हो गया है! इसका क्या कारण है? इससे बचने के लिए क्या किया जा सकता है?*
- *हमारा PP फ़िल्टर, Sediment Filter (सेडीमेंट फ़िल्टर) से बेहतर कैसे है?*
- *हमारी RO Membrane (मेम्ब्रेन) की क्षमता क्या है?*
- *SHARP Water Purifier की RO Membrane (मेम्ब्रेन) बेहतर कैसे है? इसकी निर्धारित आयु/ अवधि कितनी है?*
- *AF Disruptor (दिसृप्तार) टेक्नोलॉजी क्या है, क्या ये UV और UF टेक्नोलॉजी से बेहतर है?*
- *AF Disruptor (दिसृप्तार) की आयु / अवधि कितनी होती है, और हमें कैसे पता चलेगा कि इसे कब बदलना है?*

D. Storage Tank (स्टोरेज टैंक) और क्षमता

- *स्टोरेज Water Tank की क्षमता कितनी होती है और इसे भरने में कितना समय लगता है?*
- *एक घंटे में कितने पानी का उत्पादन होता है?*

E. Warranty (वारंटी) और सर्विस का वादा

- *Water Purifier की Warranty की अवधि कितनी है और Warranty के अन्दर क्या-क्या कवर होता है?*
- *हम Installation (इंस्टॉलेशन) और Warranty की सेवाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं?*
- *अगर 48 घंटों के बीच मेरी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जाता तो क्या होगा? escalation process (एस्केलेशन की प्रक्रिया) क्या होती है?*

F. Sharp Vestige Water Purifier की USP's

- *Sharp Vestige Water Purifier की सबसे ख़ास बात क्या है? इसके मुख्य फायदे क्या-क्या हैं?*

G. प्रक्रिया संबंधी पूछताछ

- *Filter Change (फ़िल्टर चेंज) इंडिकेटर का क्या मतलब है और इसे बदलने की अवधि का कैसे पता चलेगा?*
- *RO Membrane टेक्नोलॉजी व्यर्थ पानी का उत्पादन करती है, क्या इसका दोबारा से इस्तेमाल किया जा सकता है?*
- *Installation (इंस्टॉलेशन) से पहले कौन सी चीजों को ध्यान में रखने की जरूरत है?*
- *क्या हमें इंस्टॉलेशन के पैसे देने होंगे?*
- *यूनिट की बिजली की खपत कितनी होती है?*

H. सर्विस का शुल्क, फिल्टर्स आदि की कीमत

- *Water Purifier की बार बार की लागतें कितनी हैं?*
- *उपभोग्य सामग्रियों की कितनी कीमत है?*
- *हम उन्हें कहाँ से खरीद सकते हैं?*

# Sharp Vestige Water Purifier FAQ

## (Sharp Vestige Water Purifier से जुड़े सवाल)

वर्जन 3 : दिनांक 23 दिसंबर, 2019

**हमारे शरीर द्वारा पानी का उपयोग कैसे होता है?**

शरीर के स्ट्रक्चर और मानव संरचना के मुताबिक इंसान के शरीर में 55% से 78% पानी होता है. सामान्य कार्यों को पूरा करने और dehydration (डीहाइड्रेशन) से बचने के लिए शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है. सटीक पानी की मात्रा व्यक्ति द्वारा की जाने वाली गतिविधियों, आसपास के तापमान और नमी / ह्यूमिडिटी पर निर्भर करती है.

शरीर के तरल पदार्थों के प्रबंधन के लिए केवल पानी ही एक मात्र स्रोत नहीं है. फल, भोजन और कुछ तरल पदार्थ भी हमारे शरीर में fluids (फ्लुइड्स) प्रदान करते हैं जिससे hydration (हाइड्रेशन) में मदद मिलती है.

यह ध्यान में रखना बेहद ज़रूरी है, कि लोगों को कम अशुद्धियों वाले पीने के पानी की ज़रूरत है, जो उसके बाद systemic circulation (सिस्मेंटमिक सर्कुलेशन) में बहुत अधिक प्रयास के बिना absorb (सोख लेना) हो सकता है. पानी का सफ़र मुंह, जीभ से होकर खाने की नली से पेट की ओर होता है और अंत में मलत्याग से निकल जाता है - यह वह जगह है जहां पानी के प्राकृतिक pH को बनाए रखने के महत्व को समझाया गया है. उदाहरण के लिए, पेट में बैक्टीरिया या अन्य रोगजनकों को खत्म करने में मदद के लिए एसिड महत्वपूर्ण है. एसिडिक वातावरण खाने को पचाने में मदद करता है. Enzyme Pepsin (एंजाइम पेप्सिन), जो पेट में protein (प्रोटीन) के breakdown (ब्रेकडाउन / फैलने) में मदद करता है, केवल कम pH वातावरण में बेहतर कार्य कर सकता है.

**Sharp Water Purifier WJ-400 का शुरूआती परिचय**

इस Water Purifier को शहरी घरों को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण installation (इंस्टॉलेशन) और flexibility (फ्लेक्सिबिलिटी) के लिए बनाया गया है. इसके 3 मुख्य components (कंपोनेंट्स) हैं - Main Unit, Water Storage Tank, और Water Tap. Main Unit को दीवार पर, सिंक के नीचे या किचन में काम करने की जगह पर install (इंस्टॉल) किया जा सकता है. Water Storage Tank को केवल सिंक के नीचे रखने की सलाह दी जाती है, जबकि पानी का नल बेसिन पर या फिर दीवार पर लगाया जा सकता है.

इस प्रकार के फ्लेक्सिबिलिटी से आप अपने किचन के अन्दर पूरी जगह का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसका एकमात्र filteration system (फिल्ट्रेशन सिस्टम) और Filters (फिल्टर्स) की गुणवत्ता सुनिश्चित करती है कि फिल्टर्स के पूरे जीवनकाल के दौरान

हमें पीने के पानी की निरंतर और बेहतर गुणवत्ता मिले. Input Source (इनपुट सोर्स) पानी के अनुसार फिल्टर्स की आयु में भिन्नता हो सकती है.

**अतिरिक्त विशेष नोट :** हमारा Water Purifier सबसे शुद्ध पानी देता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इनपुट के समान pH को बनाए रखते हुए यह BIOAVAILABLE हो.

1. TDS **क्या होता है?**

TDS या Total disolved Solids (टोटल डिसॉल्व्ड सॉलिड्स) mg/Liter में मापा जाता है, पानी सबसे अधिक घुलनशील पदार्थ है, जिसमें विभिन्न minerals (मेटल्स) या अशुद्धियाँ आसानी से घुल जाती हैं.

*TDS को संगठित करने वाले मिनरल्स, salts (सॉल्ट्स) और अशुद्धियों के प्रकार: -*

- सबसे उपयोगी Magnesium, Sodium, Potassium, Phosphorous and Calcium (मैग्नीशियम, सोडियम, पोटैशियम, फोस्फोरस और कैल्शियम) होते हैं
- सबसे हानिकारक calcium (कैल्शियम), iron (आयरन) और sodium (सोडियम) के उच्च-स्तर वाले bicarbonates (बीकारबोनेट्स) होते हैं. अन्य घुलनशील अशुद्धियों में nitrate, arsenic, chlorides, sulfates (नाइट्रेट, आर्सेनिक, क्लोराइड, सल्फेट्स) शामिल हैं. इसमें मिट्टी, रेत, या अन्य ऑर्गेनिक पदार्थों जैसी निलंबित अशुद्धियाँ भी शामिल हैं.

2. **कौन से उपकरण TDS को माप सकते हैं? उनकी कीमत कितनी होती है? क्या वो भरोसेमंद और सही होते हैं?**

TDS को मापने वाले उपकरण विभिन्न e-commerce or online (ई-कॉमर्स/ ऑनलाइन) portals (पोर्टल्स) पर आसानी से उपलब्ध हैं. अच्छे उपकरणों की कीमत Rs 200 से 250 के बीच होती है लेकिन इनसे ली गयी readings (रीडिंग्स) पूरी तरह से सही नहीं होता हैं क्योंकि एक प्रयोगशाला में TDS को मापने का सही तरीका यह है कि अवशेषों के रूप में घुले हुए पदार्थों को पीछे छोड़ते हुए पानी को भाप बनाया जाए और फिर उसको मापा जाए. हालांकि, ये TDS मीटर्स लगभग ठीक आईडिया देते हैं और इसे सुनिश्चित करते हैं कि आप सही तकनीक का उपयोग करते हुए सही गुणवत्ता वाला पानी पी सकते हैं.

3. **हम अपने पानी की सप्लाई में TDS के तत्वों को कैसे निर्धारित कर सकते हैं?**

उपलब्ध पोर्टेबल TDS उपकरणों के साथ, हम पानी में घुलनशील तत्व के वजन को माप सकते हैं. हालांकि, अफ़सोस की बात यह है, कि ये सहायक और हानिकारक दोनों माप सकता है और यह भी पता नहीं किया जा सकता है कि वह कितनी मात्रा में हैं. इसलिए, TDS जितना कम होगा, पीने का पानी उतना ही सुरक्षित होगा.

4. **पीने के लिए पानी का कितना TDS उपयुक्त होता है?**

WHO के अनुसार, जिस पानी का TDS 300mg/L तक होता है, वह पीने के योग्य है. हालांकि, Indian Standard, No IS 3025 (part 16)-1984-RA:2012 के मुताबिक 500mg/L तक के TDS वाला पानी पीने के योग्य होता है.

5. **फ़िल्टर किए गए उपयोगी मिनरल्स को वापस लाने के लिए क्या किया जा सकता है?**

केवल पानी ही Fluids (फ्लुइड्स) का एकमात्र स्रोत नहीं है जिनकी ज़रूरत शरीर को होती है, और ना ये मिनरल्स का एकलौता स्रोत है. खोये हुए मिनरल्स को वापस पाने के लिए आप फल, सब्जियां, अनाज, सप्लीमेंट्स को अपने नियमित संतुलित आहार में शामिल कर सकते हैं.

6. **पीने के पानी के क्या-क्या स्रोत हैं? स्रोत वाले पानी के अन्दर पायी जाने वाली सामान्य अशुद्धियाँ कौन सी होती हैं?**

मुख्य रूप से पीने के पानी के दो स्रोत हैं - भूमिगत पानी या नगरपालिका द्वारा सप्लाई. नगरपालिका की सप्लाई के मामले में, TDS आमतौर पर 300 से 500 तक होता है, लेकिन इसमें क्लोरीन का अधिक उपयोग किया जाता है. इसके अलावा, जब यह

पानी कॉरपोरेशन की पाइपलाइन से होकर गुज़रता है, तो इसमें भारी मात्रा में अनचाहे और carcinogenic (कार्सिनोजेनिक) पदार्थ शामिल हो जाते हैं जो TDS के स्तर में वृद्धि नहीं करते, बल्कि यह पानी की गुणवत्ता को खराब कर देते हैं. वहीं दूसरी ओर, ज़मीन से निकलने वाले बोर-वेल के पानी में उच्च मात्रा में Turbidity (टर्बिडिटी) और रासायनिक अशुद्धियाँ पाई गई हैं, जो पीने के लिए अनुपयुक्त है. इसलिए, स्रोत वाले पानी की स्थिति के आधार पर, शुद्धिकरण प्रणाली की सलाह दी जा सकती है.

### 7. क्या 50mg/L से कम TDS वाला पानी पीने के लिए उपयुक्त होता है?

उपकरणों द्वारा मापा गया TDS सहायक खनिजों (कैल्शियम, पोटेशियम या मैग्नीशियम) के साथ-साथ carcinogenic (कार्सिनोजेनिक) पदार्थों और भारी धातुओं (लेड, मरकरी, आर्सेनिक या फ्लोराइड) को ध्यान में रखता है. स्रोत वाले पानी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, जगह, मौसम आदि के आधार पर अनुपात में भिन्नता हो सकती है. वह उपकरण जो सहायक मिनरल्स और अनचाही अशुद्धियों को अलग से माप सकते हैं वो उपभोक्ताओं के लिए अभी तक उपलब्ध नहीं हुए हैं. इसलिए पीने के पानी में हानिकारक पदार्थों की संभावना को कम करने के लिए, TDS को कम करने वाले सुरक्षा के उपाय बेहद आवश्यक हैं.

### 8. 50mg/L से कम वाले TDS में पर्याप्त मिनरल्स नहीं होंगे, क्या ये पीने के योग्य होता है?

TDS पानी में सहायक मिनरल्स और अनचाही अशुद्धियाँ दोनों को मापता है. ऐसे कोई भी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं जो उन्हें अलग से माप सकते हैं. इसलिए हम सहायक मिनरल्स और अनचाहे दूषित पदार्थों के बीच के वास्तविक अनुपात को कभी नहीं जान पायेंगे. स्रोत वाले पानी की गुणवत्ता को देखते हुए, यह बात साफ़ हो जाती है कि अधिक TDS वाले पानी में अधिक अशुद्धियों की संभावना होगी. हम दिन में लगभग 3 से 4 litre पानी पीते हैं; पानी उन मिनरल्स का एकमात्र स्रोत नहीं है जिनकी ज़रूरत हमारे शरीर को होती है. पीने के पानी से मिनरल्स और अशुद्धियाँ दोनों को खत्म करने की सलाह दी जाती है, ताकि पानी से होने वाली बीमारियों का खतरा ना हो. इस सच को जानते हुए कि आज के समय में उपलब्ध फलों और सब्जियों के अन्दर  कीटनाशक / पेस्टिसाइड्स होते हैं, फिर भी वो आवश्यक मात्रा में ऐसे सहायक मिनरल्स प्रदान करते हैं जिनकी ज़रूरत शरीर को होती है. फिर भी अगर उनसे पूर्ती नहीं हो पाती है, तो भी हैल्थ प्रोफेशनल्स से सलाह लेने के बाद कोई व्यक्ति आवश्यक सप्लीमेंट्स ले सकता है, ताकि किसी भी तरह से पीने के पानी के ज़रिये कोई भी अनचाहा पदार्थ हमारे शरीर के अन्दर ना आये.

### 9. पीने के लिए 50mg/L से कम TDS वाला पानी सही होता है?

क्यों नहीं? जितना कम TDS होगा, पानी उतना ही अधिक शुद्ध होगा. शुद्ध पानी के अन्दर हमारे प्रणालीगत परिसंचरण / सिस्मेंटमिक सर्कुलेशन में समा जाने की ज़्यादा क्षमता होती है, इस प्रकार यह हमारे शरीर को पीने के पानी से होने वाले लाभों को पूरा करने में सक्षम बनाता है.

### 10. Vestige Sharp Water Purifier पानी के कितने TDS के लिए उपयुक्त है?

हमने TUV लैब में 1547mg/L तक के TDS के लिए अपने प्रोडक्ट मॉडल नंबर WJ-400 का परीक्षण किया है (मांगे जाने पर सर्टिफिकेट उपलब्ध है).

### 11. अगर इनपुट वाले पानी का TDS अधिक होता है तो क्या सलाह दी जाती है?

अधिक TDS और मैलेपन की स्थिति में, हम अतिरिक्त Pre-Filter की सलाह देते हैं जो PP (Polypropylene) Filter और RO Membrane को समय से पहले बंद होने से बचा सकता है क्योंकि किसी भी फ़िल्टर को Warranty के तहत कवर नहीं किया गया है. Pre-Filter एक केस के अन्दर आता और इसे Water Purifier के इनलेट पाइप से पहले कनेक्ट किया जाता है. PP फ़िल्टर को सुरक्षित रखने के अलावा, यह अन्य फिल्टर्स (विशेषकर RO और CB) की परफॉरमेंस और लाइफ को बढ़ाने में भी मदद करेगा. Pre-Filter की शुरूआती कीमत Rs 1000 से Rs 1500 के बीच (केस सहित) होती है, और इसे बदलने का खर्चा 300 - 500 रूपए आता है. स्रोत वाले पानी के मैलेपन और तत्वों के अनुसार रिप्लेसमेंट की फ्रीक्वेंसी 3 से 6 महीने की

होती है. अगर उपयोगकर्ता चाहें तो वह समय-समय पर Pre-Filter की सफाई करके उसकी परफॉरमेंस और लाइफ को बेहतर बना सकते हैं.

**12. PP (Poly propylene) Filter इसकी बतायी गयी आयु से पहले ही बंद / ब्लॉक हो गया है! इसका क्या कारण है? इससे बचने के लिए क्या किया जा सकता है?**

ऐसा मुख्य रूप से स्रोत वाले पानी के अन्दर अशुद्धियों और मैलेपन की अधिक मौजूदगी के कारण होता है. हमारा Water Purifier यह सुनिश्चित करता है कि हम हमेशा शुद्धता से भरपूर गुणवत्ता वाला पानी पियें और इसलिए इसमें पॉल्यूटेंट्स फिल्टर के पहले सेट में जमा हो जाते हैं और उन्हें कभी भी RO Membrane की ओर जाने की अनुमति नहीं होती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हम सभी फिल्टर्स द्वारा ज़िन्दगी भर सबसे शुद्ध पानी पी सकें. अगर आपके क्षेत्र में Turbidity (टर्बिडिटी) / गन्दगी बहुत अधिक है, तो हम आपको अतिरिक्त Pre-Filter के उपयोग की सलाह देते हैं. अधिक जानकारी के लिए कृपया "अधिक TDS की स्थिति में क्या सलाह दी जाती है?" के उत्तर को देखें.

**13. हमारा PP फ़िल्टर, Sediment Filter से बेहतर कैसे है?**

Sediment Filter में एक स्पंज जैसे मटेरियल का इस्तेमाल किया जाता है. पानी के दबाव और मेटल्स या रेत जैसी फिजिकल अशुद्धियों के हमले के कारण, गैप बढ़ सकता है, जिससे बड़े आकार के कण (5 माइक्रोन से अधिक) RO Membrane के अन्दर आ सकते हैं. अंत में RO Membrane के छेदों का आकार भी लगातार हवा आने से प्रभावित होने लगता है, जिससे अशुद्धियाँ पीने वाले पानी के नल तक पहुँचने लगती हैं. Sediment Filters में दूषित पदार्थों को ब्लॉक करने या रोकने का कोई तरीका नहीं है. अब क्योंकि हम यही पानी लगातार पी रहे हैं, तो हम इसकी गुणवत्ता में फर्क या कमी का पता नहीं लगा सकते हैं. Sharp द्वारा इस्तेमाल किया गया PP या Polypropylene Filter एक बेहतरीन क्वालिटी वाले मटेरियल से बना है जो RO Membrane तक 5 माइक्रोन से बड़ी अशुद्धियों को नहीं पहुँचने देता है, जिससे आउटपुट वाले पानी में फिल्टर्स के पूरे जीवनकाल में निरंतरता बनी रहती है.

**14. RO Membrane की क्षमता कितनी है?**

इसकी क्षमता प्रतिदिन 50GPD या गैलन की है. यानी कि यह हर घंटे में 8 से 9 litre पीने का पानी दे सकता है.

**15. Sharp Water Purifier की RO Membrane बेहतर कैसे है? इसकी निर्धारित आयु कितनी है?**

Sharp Water Purifier WJ-400, DOW USA की RO Membrane का उपयोग करता है, जिसे सबसे प्रीमियम क्वालिटी की membranes में से एक माना जाता है और ये बेहतर कार्यक्षमता के साथ अधिक लम्बे समय तक चलती है. इसकी निर्धारित आयु 2 साल की होती है. हालांकि, स्रोत पानी की स्थिति के अनुसार इसमें भिन्नता हो सकती है.

**16. AF Disruptor टेक्नोलॉजी क्या है? क्या ये UV और UF टेक्नोलॉजी से बेहतर है?**




Sharp Water Purifier में AHLSTROM द्वारा बनाई गयी AF Disruptor टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है. इसमें एक ALUMINA FIBRE लेयर (बिना aluminum (एलुमीनियम) का उपयोग किया जाता है. जब पानी एक विशेष परत से होकर गुजरता है, तो यह एक 51mv ZETA Potencial (पोटेंशियल) उत्पन्न करता है जो पानी में मौजूद अशुद्धियों को बहते हुए पानी से अलग करने में सक्षम बनाता है. यह छेदों के आकार के सिद्धांत पर नहीं बल्कि विचलन या विघटनकारी विधि से काम करता है जहां पानी का दबाव बना कर रखा जाता है. AF Disruptor टेक्नोलॉजी को चलाने के लिए बिजली की ज़रूरत नहीं पड़ती है. जबकि, UF या अल्ट्रा फिल्ट्रेशन छेदों के आकार पर आधारित होता है और यह ~75% की औसत क्षमता के साथ 0.1 माइक्रोन तक के कणों को कम करने में प्रभावी होने का दावा करता है. इसलिए बड़ी संख्या में जैविक और रासायनिक अशुद्धियाँ अनुपचारित रह जाती हैं. इसी के लिए एक UV लाइट सोर्स को एक विशेष केसिंग में ओजोन उत्पन्न करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जब यह पानी के संपर्क में आता है. ओज़ोन पानी में से कुछ रोगाणुओं को ख़त्म कर सकता है. हालाँकि, इस मामले में, पानी का UV के

संपर्क में रहना ज़रूरी है, और अगर पानी तेज़ रफ़्तार में चैम्बर से होकर गुज़रता है, तो आधे या पूरी तरह मरे हुए रोगाणु (एंडोटॉक्सिन्स) पानी में ही रह जाते हैं जिनसे नुकसान पहुँच सकता है. इसके अलावा, सर्विस टेक्नीशियन चैम्बर को कभी साफ नहीं करते हैं, जिसके कारण समय के साथ-साथ प्रोडक्ट का प्रभाव कम हो जाता है.

**17. AF Disruptor की आयु कितनी होती है, और हमें कैसे पता चलेगा कि इसे कब बदलना है?**

Disruptor Filter की निर्धारित आयु 12 महीने होती है. हालाँकि, अगर पानी के स्वाद में कोई बदलाव नहीं आता है तो इसका उपयोग अधिक लम्बे समय के लिए किया जा सकता है और यदि समय के साथ स्वाद में कोई बदलाव आता है तो इसे समय से पहले बदला जा सकता है. चूंकि पानी का स्वाद अनुरूप होता है और यदि आप कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं, तो कृपया इसे हर 12 महीनों में एक बार बदलें.

**18. Storage Water Tank की क्षमता कितनी होती है और इसे भरने में कितना समय लगता है?**

Water Purifier WJ-400 के Storage Tank की क्षमता 5.3 litre तक होती है. टैंक को भरने में लगभग 40 मिनट का समय लगता है.

**19. एक घंटे में कितने पानी का उत्पादन होता है?**

अगर Water Purifier लगातार चल रहा है, तो यह हर घंटे 8 से 9 litre पानी का उत्पादन कर सकता है. हालांकि, इस्तेमाल करने और स्टोरेज के अनुसार इसमें भिन्नता हो सकती है.

**20. Water Purifier की Warranty की अवधि कितनी है और Warranty के अन्दर क्या-क्या कवर होता है?**

हमारे प्रोडक्ट्स इंस्टॉलेशन की तारीख से एक साल की Warranty के साथ आते हैं. प्लास्टिक के पार्ट्स और फिल्टर्स को छोड़कर सभी इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल पार्ट्स Warranty के तहत कवर किये गए हैं.

**21. हम इंस्टॉलेशन और Warranty की सेवाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं?**

इंस्टॉलेशन, ब्रेकडाउन, या किसी भी बचावकारी सर्विस रिक्वेस्ट के लिए, कृपया निम्नलिखित में से किसी भी विकल्प का उपयोग करें.


1. सभी दिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक टोल फ्री नंबर 18004254322 पर कॉल करें
2. 8750922277 पर मिस्ड कॉल करें और हम आपको वापस कॉल करेंगे
3. sharp@service007.com पर ईमेल भेजें

कृपया ऐसा मोबाइल नंबर इस्तेमाल करें जिसपर हमारे प्रतिनिधि आपसे बात कर सकें जो 2 से 3 घंटों के बीच आपको कॉल करेंगे. अगर 3 बार कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो हमारी सर्विस टीम कॉल को रद्द कर देगी और आपको मैसेज भेजेगी. उसके बाद आपको दोबारा कॉल करके अपनी शिकायत / रिक्वेस्ट को रजिस्टर करना होगा. शिकायत दर्ज करने के लिए तकनीशियन को कॉल ना करें, क्योंकि बिना कॉल रिकॉर्डिंग के सर्विस रिक्वेस्ट पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

**22. अगर 48 घंटों के अन्दर मेरी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जाता तो क्या होगा? एस्केलेशन की प्रक्रिया क्या होती है?**

रिमोट क्षेत्रों को छोड़कर, सभी कॉल्स को 24 से 48 घंटों के भीतर अटेंड किया जाता है, देरी के मामले में या किसी अन्य गंभीर शिकायतों के लिए; कृपया adsingh@sharp-oa.com पर ईमेल करें.

**23. Sharp Vestige Water Purifier की सबसे ख़ास बात क्या है? इसके मुख्य फायदे क्या-क्या हैं?**





मार्किट में उपलब्ध Water Purifiers आउटपुट पानी को शुद्धिकरण के सभी चरणों से गुजरने के बाद Tank में स्टोर करती है. हालांकि यह बात सच है कि ज़्यादातर Water Purifier 95% से 99% की कार्यक्षमता का दावा करते हैं, लेकिन बची हुयी अशुद्धियां Storage Tank में जमा हो जाती हैं. नियमित सफाई ना होने पर, इसमें algae (शैवाल) और अन्य जैविक दूषित पदार्थ जमा हो जाते हैं. इसलिए, कुछ बहुत ही प्रतिष्ठित ब्रांडों द्वारा किए गए दावों के साथ आउटपुट वाला पानी मेल नहीं खाता है. Sharp के मामले में, पानी नल के ज़रिये आने से पहले AF Disruptor से गुजरता है, जिससे हर समय शुद्ध पानी मिलता है. इसे TUV टेस्ट रिपोर्ट नंबर GGN/F(C/M)/19/003790 के द्वारा वेरीफाई किया जा सकता है, जो आउटपुट Water Purifier की सम्पूर्ण शुद्धता की पुष्टि करती है. कृपया ऊपर दी गयी छवि को देखें.

अन्य फायदों में निम्नलिखित शामिल हैं :

I. Flexible (फ्लेक्सिबल) उपयोग और इंस्टॉलेशन का वातावरण : पानी के इनपुट की सुविधा वाले किचन या किसी भी जगह पर इंस्टॉल किया जा सकता है. सिंक के नीचे, दीवार पर लगाने या काउंटर पर रखने के लिए उपयुक्त.
II. Sharp का ओरिजिनल डिजाईन और बेहतरीन बिल्ड क्वालिटी: उच्च श्रेणी के मटेरियल से बना है.
III. बिजली से सुरक्षा और परफॉरमेंस की कार्यक्षमता का सर्टिफिकेट: TUV, RoHS, FDA, NSDS और SGS वेरिफिकेशन सुरक्षा और सेहत को सुनिश्चित करे.

**24. "फ़िल्टर चेंज" indicator (इंडिकेटर) का क्या मतलब है और इसे बदलने की अवधि का कैसे पता चलेगा?**



Water Purifier का डिजिटल पैनल PP, CB, RO और AF फ़िल्टर सेट्स के इंडीकेटर्स को डिस्प्ले करता है. इंडिकेटर या बदलाव का स्तर जिसे आप कुछ भी कह सकते हैं वह उपयोग के घंटे/समय पर निर्भर करता है और पानी की गुणवत्ता के अनुसार नहीं होता है. यदि PP filter लेवल इंडिकेटर 'NIL' पर आ जाता है पर पानी ब्लॉक नहीं करता है, तब आप इसे RESET (रीसेट) कर सकते हैं और इसका उपयोग जारी रख सकते हैं. हालांकि, अगर लेवल 'NIL' पर नहीं भी पहुंचा है और PP filter ब्लॉक हो गया है, तो कृपया इसे बदल दें. साथ ही, अधिक जानकारी के लिए पॉइंट नंबर 8 और 9 को पढ़ें. CB, RO और AF Disruptor के लिए RESET (रीसेट) फंक्शन की सलाह नहीं दी जाती है; हालांकि, अगर पानी का स्वाद और गुणवत्ता संतोषजनक हैं, तो आपको केवल AF Disruptor को RESET (रीसेट) करने और दोबारा इस्तेमाल करने की ज़रूरत हो सकती है.

### 25. RO Membrane टेक्नोलॉजी बहते हुए या व्यर्थ पानी का उत्पादन करती है, क्या इसका दोबारा से इस्तेमाल किया जा सकता है?

हमारा RO लगभग 65 से 70% पानी का उत्पादन करता है, जिसमें अशुद्धियाँ होती हैं (इनपुट वाले पानी से निकाली गयी). हम अपने सभी बहुमूल्य उपयोगकर्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वह प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण के बारे में सचेत रहें, और व्यर्थ पानी को एक बाल्टी / कंटेनर में स्टोर करें और इसे फर्श, पौधों और बर्तनों को धोने के लिए इस्तेमाल करें.

### 26. इंस्टॉलेशन से पहले कौन सी चीज़ों को ध्यान में रखने की ज़रूरत है?

हामारा WJ-400 Water Purifier 3 हिस्सों में आता है - Main Unit, Storage Water Tank, और Water Tap. Main Unit को दीवार पर लगाया जा सकता है, किचन के ऊपर रखा जा सकता है या फिर सिंक के नीचे इंस्टॉल किया जा सकता है. Main Unit को रखने के लिए आपको 2' x 2' जगह की ज़रूरत होती है. आकार की जानकारी Water Purifier की बाहरी पैकिंग में भी दिया गया है. एक बार Water Purifier खरीदने के बाद कृपया जगह तय करें. हमारी सलाह है कि आप Storage Tank को सिंक के नीचे रखें, और Water Tap को सिंक या दीवार पर लगाए. अगर कोई किचन ग्रेनाइट में Water Tap लगाना चाहता है, तो बाहरी विक्रेता से 25mm का छेद तैयार करें.

### 27. क्या हमें इंस्टॉलेशन के पैसे देने होंगे?

Sharp Vestige Water Purifier WJ-400 की इंस्टॉलेशन के लिए Sharp की सर्विस टीम कोई पैसे नहीं लेती है. अतिरिक्त शुल्क केवल तभी लागू होता हैं, जब आप technician (तकनीशियन) की सलाह के मुताबिक अतिरिक्त Pre-Filter खरीदते हैं (कृपया अधिक जानकारी के लिए पॉइंट नंबर 11 को पढ़ें). आपको प्लंबिंग या ड्रिलिंग का कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है. अगर तकनीशियन आप से अतिरिक्त पैसों की मांग करता है, तो कृपया तुरंत हमारे Toll Free नंबर 18004254322 पर कॉल करें और समस्या की शिकायत करें.

### 28. Water Purifier से बिजली की कितनी खपत होती है?

यह 46 Watt का होता है. इसलिए अगर Water Purifier दिन में 2 घंटे चलता है, तो महीने में ये 4 से 5 यूनिट्स की खपत करेगा.

### 29. Water Purifier की रिप्लेसमेंट Filter Cartridge (फ़िल्टर कार्ट्रिज) की कितनी कीमत है? हम उन्हें कहाँ से खरीद सकते हैं?

आप Vestige Marketing Pvt. Ltd. से PP और CB फिल्टर के लिए रिप्लेसमेंट Filter Cartridge (फ़िल्टर कार्ट्रिज) खरीद सकते हैं. कृपया अपनी नजदीकी ब्रांच ऑफिस से संपर्क करें या फिर आप ऑनलाइन भी ऑर्डर कर सकते हैं. Water Purifier इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों से हमारा अनुरोध है कि कृपया अपने पास फ़िल्टर का एक सेट हमेशा रखें, ताकि डाउनटाइम कम हो सके और साथ ही तकनीशियन को Cartridge (कार्ट्रिज) बदलने के लिए दोबारा से विज़िट करने की ज़रूरत ना पड़े..



| Part Code | Description | MRP – Rs | DP – Rs | PV |
|---|---|---|---|---|
| WK-40P | PP (Poly propylene) Filter | 790 | 665 | 11.08 |
| WK-40A | CB (Carbon Block) Filter | 885 | 765 | 12.75 |

अन्य रिप्लेसमेंट फिल्टर (RO और AF Disruptor) की कीमत जल्द ही सूचित की जाएगी.